# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

भू– तल, ब्लॉक–6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स न: 0141–2708487

क्रमांक : F.5 (4) (134)/RCEE/SWSHE/SBSV Act./2017/ 5400 दिनांक : 27/8/18

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि.एवं मा.शि.
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
एस.एस.ए. / आर.एम.एस.ए.
समस्त जिले

विषयः समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2018 तक स्वच्छता पखवाडा आयोजित करने के क्रम में

सन्दर्भ : 1. संयुक्त शासन सचिव (SE.1) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का पत्रांक **D.O.No. F.27-19/ 2017-EE.16** दिनांक 14 अगस्त 2018

2. 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2018 तक समस्त विधालयों में स्वच्छता पखवाडा आयोजित करने हेतु परिषद का पूर्व पंत्राक f5 (4)(134)SWSHE/SBSV/Act/2017/ 2136 दिनॉक 31/5/18

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारत सरकार एवं परिषद के सन्दर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि प्रत्येक राजकीय विद्यालय में 1 से 15 सितम्बर 2018 तक स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया जाना है। विधालय में स्वच्छता की गतिविधियों के दैनिक पर्यवेक्षण हेतु प्रभारी शिक्षक एवं कक्षावार स्वच्छता मॉनिटर नामित किए जाए। विधालय में आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं, शिक्षक व समुदाय के सदस्यो की समेकित जिलेवार सूचना संलग्न प्रफोर्मे में एवं श्रेष्ठ फोटोग्राफ, वीडीयों को प्रतिदिन परिषद का SWSHE CELL की E-mail ID swshecell@hotmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।विद्यालयों में स्वच्छता पखवाडा के दौरान आयोजित की जानेवाली गतिविधियों का दिवसवार विवरण निम्नानुसार हैः–

➢ **दिनांक 01 सितम्बर 2018 (शनिवार)**

**स्वच्छता शपथ दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के प्रथम दिन दिनांक 01 सितम्बर 2018 को विद्यालय में स्वच्छता शपथ दिवस आयोजित किया जाये। इसमें विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र--छात्राओं सहित संस्था प्रधान, समस्त शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य सहगगेी कर्मचारी प्रातः प्रार्थना सत्र में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेगें। स्वच्छता शपथ प्रार्थना सत्र में प्रतिदिन (सम्पूर्ण) पखवाडा अवधि में की जाएगी।
- विद्याालय में कक्षावार स्वच्छता अभ्यास का आयोजन किया जाये जिसके तहत प्रत्येक छात्र–छात्रा व्यक्तिगत/विद्यालय/सामुदाय/घर की स्वच्छता के लिए शपथ ले। **स्वच्छता शपथ हेतु शपथ पत्र साथ में संलग्न है।**
- संस्था प्रधान/शिक्षा प्रशासक द्वारा छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की आदतों व आवश्यकता पर प्रार्थना सत्र में सम्बोधन/मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

➢ **दिनांक 02 सितम्बर 2018 से 04 सितम्बर 2018 (रविवार से मंगलवार तक)**

**स्वच्छता जागरुकता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के दूसरे दिन दिनांक 02 सितम्बर 2018 को विद्यालय में एस.एम सी/एसडीएमसी/पी.टी.ए या शिक्षक अभिभावक मिटिंग का आयोजन किया जाये

www.rajteachers.com

जिसमें साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की जाए। साथ हीं बच्चों एवं शिक्षको को विद्यालय एवं घर में स्वास्थयप्रद एवं स्वच्छता का वातावरण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायें।

- स्वच्छता पखवाडा के तीसरे व चौथे दिन दिनांक 03 सितम्बर व 04 सितम्बर 2018 को विद्यालय शिक्षकों द्वारा विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सुविधाओं (शौचालय, मूत्रालय, कूडादान, पानी की टंकी/टांका इत्यादी) का निरीक्षण किया जाये और आवश्यकतानुसार शौचालयों की कार्यशीलता हेतु किसी भी प्रकार की मरम्मत व नये निर्माण के लिए प्रस्ताव/योजना बनायी जाए।
- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा शिक्षक, छात्र–छात्रा व समुदाय की मदद से बडे स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावें। जिसके तहत शौचालय की साफ–सफाई, मिड डे मील किचन, कक्षा–कक्ष, खिडकी, पानी की टंकी/टांका, विद्यालय परीसर एवं आस–पास के क्षेत्र की साफ–सफाई का आयोजन किया जाए।

➢ **दिनांक 05 सितम्बर 2018 (बुधवार)**

**हरित विद्यालय अभियान**

- स्वच्छता पखवाडा के पांचवे दिन दिनांक 05 सितम्बर 2018 को समस्त विद्यालय संस्था प्रधान अपने विद्यालय में दो प्रकार के कूडेदान (ब्लू और हरे रंग) उपलब्ध करवाएँ। ब्लू रंग के कूडेदान में उन वस्तुओ को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकल) नहीं किया जा सके तथा हरे रंग के कूडेदान में उन वस्तुओ को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकल) किया जा सके। इस प्रक्रिया द्वारा छात्र–छात्राओं को अपशिष्ट के वर्गीकरण के बारे में समझाए।
- विद्यालय में पौधे लगाए (वृक्षारोपण) तथा शौचालय उपयोग उपरान्त हाथ धोने,MDM के बर्तन धोने के उपरान्त के बेकार पानी का उपयोग पौधों एवं बाल वाटिकाएँ विकसित करने में किया जाए।
- इस दिवस पर विद्यालय संस्था प्रधान अपने निर्धारित नियमानुसार विद्यालय सम्पतियों का रिकार्ड इन्द्राज करवाकर सभी प्रकार की बेकार वस्तुओं यथा टूटा फर्नीचर, अनुपयोगी औजार, बेकार सामग्री इत्यादी को विद्यालय परिसर से हटवाना सुनिश्चित करें।

➢ **दिनांक 06 सितम्बर 2018 (गुरुवार)**

**स्वच्छता सहभागिता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के छठे दिन दिनांक 06 सितम्बर 2018 को स्वच्छता सहभागिता दिवस जिला/ब्लॉक/कलस्टर स्तर पर मनाया जाए। जिसके तहत विद्यालय/ कार्यालय परिसर एवं शौचालय को सबकी सहभागिता से स्वच्छ, साफ–सुथरा एवं व्यवस्थित रखा जाए।
- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धित विषय पर निबन्ध/प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद–विवाद, स्वच्छता मेला तथा कविता/नारा लेखन का आयोजन किया जाए।
- कक्षा 1 से 5 के लिए स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- कक्षा 6 से 8 एवं 9 से 12 के विधार्थियों के लिए दो समूहो में स्वच्छता एवं स्वास्थ्यप्रद आदतो पर निबन्ध प्रतियोगितो का आयोजन किया जाए ।
- **विधालय स्तर पर प्रथम चित्रकला एवं दोनो समूहो के प्रथम निबन्ध जिला स्तर पर भिजवाए जाए । जिला स्तर पर चयनित तीन चित्रकला एवं निबन्धों को 10 सितम्बर तक परिषद को भिजवाया जाए ।**
- छात्र–छात्राओं, शिक्षको एवं स्थानिय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वच्छता पखवाडा के उद्देश्यो का स्थानिय समुदाय में प्रचार– प्रसार किया जाए ।

www.rajteachers.com

➢ दिनांक 07 सितम्बर 2018 (शुक्रवार)

**हाथ धुलाई दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के सातवें दिन दिनांक 07 सितम्बर 2018 को छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा हाथ धुलाई दिवस मनाया जाए। जिसके तहत विद्यालय संस्था प्रधान समेत समस्त छात्र–छात्रा, शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी नाखुन काटेंगें तथा शौचालय उपयोग एवं खाना खाने से पूर्व साबुन से हाथ धोने की सही प्रक्रिया का अभ्यास करेंगे। दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय सुविधा तक बाधारहित पहुँच सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएं।

➢ दिनांक 08 सितम्बर 2018 (शनिवार)

**व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के आठवें दिन दिनांक 08 सितम्बर 2018 को संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में आडियो विडियो कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में समस्त छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को जानकारियॉं प्रदान की जाए।
- स्वच्छता व साफ–सफाई का व्यक्तिगत स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वांस्थ्य पर पडने वाले अच्छे प्रभावों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराएं तथा स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री यथा पोस्टर, किताबे, ब्रोशर भी प्रदर्शित किए जाए।

➢ दिनांक 09 व 10 सितम्बर 2018 (रविवार व सोमवार)

**सामुदाय जागरुकता एवं सहभागिता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के दसवें दिन दिनांक 10 सितम्बर 2018 को संस्था प्रधान द्वारा छात्र–छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं के माध्यम से स्थानीय सामुदाय में जागरूकता विकसित करने के लिए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए तथा छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा कागज के बोर्ड में स्लोगन लिख कर रैली के माध्यम के स्थानीय समुदाय में स्वच्छता संदेश का प्रचार–प्रसार किया जाए।
- स्वच्छता पखवाडा के दौरान संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में स्वच्छ शौचालय उपयोग एवं स्वच्छता के प्रति जागरुकता दिवस मनाया जाए। जिसके तहत छात्र–छात्राओं को शौचालय उपयोग के स्वच्छ तरीकोंएवं स्वच्छ पेयजल उपयोग के फायदों के बारे में बताये।
- विद्यालय में उपलब्ध हाथ धोने कि सुविधा से निकले बेकार पानी का उपयोग पौधो में निस्तारित कर किया जाए।
- छात्र–छात्रा अपने अभिभावक को स्वच्छता पखवाडा के दौरान विद्यालय में स्वच्छता सम्बन्धित की गई गतिविधियों से जो नई जानकारियां प्राप्त की उनकी जानकारी देते हुए स्वच्छ परिवेश विकसित करने में अभिभावको से अपेक्षा पर पत्र लिखें। संस्था प्रधान विद्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ पत्र की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी को एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिले के तीन सर्वश्रेष्ठ पत्रों को रा. प्रा. शि. प. की swshe cell को 18 सितम्बर 2018 तक आवश्यक रुप से भिजवाएगें।
- जिला स्तर पर चयनित तीन प्रविष्टियों (चित्रकला व निबन्धों को )18 सितम्बर 18 तक परिषद की swshe cell को अनिवार्य रूप से भिजवाया जाए ।
- संस्था प्रधान छात्र–छात्राओं के माध्यम से सरपंच व एस.एम.सी सदस्य को विद्यालय परिसर तथा शौचालय की मरम्मत एवं स्वच्छता के लिए पत्र लिखवाया जाए।

www.rajteachers.com

➢ दिनांक 11 सितम्बर 2018 (मंगलवार)

**विद्यालय स्वच्छता प्रर्दशनी दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के ग्यारहवें दिन दिनांक 11 सितम्बर 2018 को विद्यालय में स्वच्छता गतिविधियों के फोटोग्राफ, चित्रकला, कार्टुन्स; स्लोगन इत्यादी को विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया जाए। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के अभिभावक व समुदाय के लोगो को प्रर्दशनी को देखने के लिए आमंत्रित किया जाए।
- सोशल मिडीया, इलैक्ट्रोनिक बैनर के माध्यम से स्वच्छता अभियान का प्रचार प्रसार किया जाए।
- स्वच्छता पखवाडा सम्बन्धित गतिविधियों का जिला स्वच्छता शाखा द्वारा दस्तावेजीकरण किया जाए।
- स्थानीय स्तर पर विद्यालय स्वच्छता सुविधाओं में चित्रकारी करवा कर स्थानीय कल्चर का प्रचार प्रसार किया जाए।

➢ दिनांक 12 सितम्बर 2018 (बुधवार)

**स्वच्छ जल दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के बारहवें दिन दिनांक 12 सितम्बर 2018 को स्वच्छ जल दिवस मनाया जाये जिसके अन्तर्गत निम्नानुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाए:–
- जल संचयन के साधन टंकी/टांका/मटकी इत्यादी का निरीक्षण कर पेयजल की शुद्धता व स्वच्छता को सुनिश्चित किया जाए।
- विद्यालय मे सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए
- विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को जल संग्रहन स्रोत (टंकी/टांका आदि) संचयन के निरीक्षण एवं जल शुद्धिकरण के प्राकृतिक तरीको जैसे सैण्ड फिल्टर, फिटकरी से शुद्धिकरण के तरीको से अवगत कराए।
- छात्र–छात्राओं को जल में कार्बनिक/अकार्बनिक पदार्थो से होने वाले प्रदूषण तथा गंदगी के कारण दूषित जल से होने वाली बीमारियों से अवगत कराए
- उन्हे जल के साफ एवं सुरक्षित भण्डाारण एवं स्वच्छ जल के उपयोग के लिए प्रेरित करें।

➢ दिनांक 13 सितम्बर 2018 (गुरुवार)

**जल संरक्षण दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के तेरहवें दिन दिनांक 13 सितम्बर 2018 को जल संरक्षण दिवस के रुप में मनाया जाए जिसके तहत छात्र–छात्राओं को जल संरक्षण संबंधी जानकारियॉ प्रदान की जाए।
- छात्र–छात्राऐं, एवं शिक्षक/शिक्षिका साथ मिलकर विद्यालय में जल के समुचित उपयोग, जल संरक्षण एवं संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के सरल तरीकों पर चर्चा करें।

➢ दिनांक 14 सितम्बर 2018 (शुक्रवार)

**पुरस्कार वितरण दिवस**

- विद्यालय में स्वच्छता पर आयोजित चित्रकला,वाद–विवाद, प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र–छात्राओं (प्रथम स्थान प्राप्त) को विद्यालय स्वच्छता अनुदान में से रुपये 150/– तक के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाए।
- स्वच्छता पखवाडा के चौदहवें दिन दिनांक 14 सितम्बर 2018 को संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में स्वच्छता सम्बन्धित की गई गतिविधियों के फोटोग्राफ, बच्चो द्वारा दी गई संदेशो को एक पुस्तक तैयार कर उसमें पेस्ट किया जाए। विद्यालय संस्था प्रधान इस प्रक्रिया में समस्त छात्र–छात्राओं की भागीदारी को सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक छात्र–छात्रा द्वारा एक पेज "स्वच्छता अनुभवों" के बारे में लिख जाना सुनिश्चित करें।

www.rajteachers.com

- स्वच्छता पखवाडा के आखिरी दिन समस्त संस्था प्रधान स्वच्छता पखवाडा से संबंन्धित की गई गतिविधीयों को समेंकित कर तथा स्वच्छता के लिए किए गये बेहतर कार्यो से जिला व राज्य स्तर को फोटोग्राफ, चित्रकला, निबंध, दस्तावेज, ब्राशर इत्यादि की सॉफ्ट व हार्ड कापी के माध्यम से सूचित करें ।

➢ **दिनांक 15 सितम्बर 2018 (शनिवार )**

**स्वच्छता ही सेवा दिवस**

- इस दिन सभी छात्र–छात्राओ एवं शिक्षकों के साथ 'स्वच्छता ही सेवा 'दिवस का शुभारम्भ किया जाए।स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन 2 अक्टूबर 2018 तक किया जाए।
- कक्षा 6 से 12 तक के विधार्थियो के साथ विधालय के आस–पास स्वच्छता अभियान चलाया जाए ।
- कक्षा 3 से 5 के छात्र– छात्राओं द्वारा साबुन से हाथ घोने की गतिविधि का आयोजन किया जाए ।
- छात्र– छात्राओं कों माननीय प्रधानमन्त्री को छात्र–छात्राओ द्वारा स्वच्छता के लिए किए गए कार्यो एवं भविष्य में स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए उनकी प्रतिबद्वता पर एक पत्र लिखवाया जाए ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है सम्बन्धित को निर्देशित कर दिवस वार कैलैन्डर से विद्यालयों को अवगत करावें तथा स्वच्छता पखवाडा सम्बन्धित समस्त गतिविधीयों का आयोजित होना तथा जिले द्वारा समेकित कर सम्बन्धित गतिविधियो के फोटोग्राफ, विडियोज एवं भाग लेने वाले छात्र–छात्राओ तथा सम्भगियों की संख्या संलग्न प्रपत्र में प्रतिदिन रा.प्रा.शि.प. की swshe cell को ई मेल swshecell@hotmail.com पर अनिवार्य रुप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।वांछित सूचना परिषद कार्यालय द्वारा प्रतिदिन भारत सरकार कौं अनिवार्य रूप से प्रेषित की जानी हैं।

संलग्नः स्वच्छता शपथ एवं रिपोर्टिंग फार्मेट

(शिवांगी स्वर्णकार )
**राज्य परियोजना निदेशक**

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. निजी सचिव, संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन नई दिल्ली– 110115
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
3. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप / रामाशिप, जयपुर
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रा.मा.शि.प.,जयपुर
5. निदेशक, प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा बीकानेर
6. अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, SSA /RMSA जिला–समस्त जिले
7. रक्षित पत्रावली

(राम निवास जाट )
**अति.राज्य परियोजना निदेशक**

www.rajteachers.com

# प्रतिज्ञा

मैं सत्यनिष्ठा से यह प्रतिज्ञा करता हुँ/करती हुँ कि मैं स्वयं स्वच्छ रहुगॉ/रहुँगी। मेरे विद्यालय, घर तथा आस–पास स्वच्छता रखूँगा/रखूँगी और अन्य लोगो को भी स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करुँगा/करुँगी।

मैं खुले मे शौच नहीं करुँगा/करुँगी साथ ही अन्य लोगो को भी शौचालय के निर्माण, नियमित उपयोग एवं स्वच्छता हेतु प्रेरित करुँगा/करुँगी।

मैं विद्यालय शौचालय उपयोग उपरान्त उसे साफ रखूँगा/रखूँगी। मैं शौच के उपरान्त तथा भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोऊँगा/धोऊँगी तथा अपने साथिय। एवं परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करुँगा/करुँगी।

स्वच्छ एवं तन्दुरुस्त रहना तथा स्वच्छता बनाए रखना मेरा ध्येय है। मैं इसे प्राप्त करने की प्रतिज्ञा करता/करती हुँ।

## जय हिन्द !

www.rajteachers.com

**Please note the following instructions:**

1) This tracker has to be updated Daily by 8 pm from 30th August 2018 to 15th September 2018 by all Districts
2) For each activity, not more than 10 high resolution photographs and 2 high resolution videos (not exceeding 3 minutes each) per districts need to be shared in swshecell@hotmail.com
3) Publicity material created for each activity (such as posters/ pamphlets etc.) also needs to be shared
4) For Swachhta Shapath Day, a translated English version of the Shapath needs to be shared (other than photos and videos)
5) For the Swachhta Participation Day, high quality scans of samples of good paintings and essays need to be shared to swshecell@hotmail.com (other than photos and videos) for school, district level entries
6) For the Letter Writing Day, high quality scans of samples of good letters need to be shared to swshecell@hotmail.com (other than photos and videos)

| | No. of Govt/ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2018) | No. of Teachers in the Govt/ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2018) | No. of Students in Govt./ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2018) | Swachhta Shapath Day | | Swachhta Awareness Day | Green School Drive | Swachhta Participation Day - School Level Competition | | | | | | Hand Wash Day | Personal Hygiene Day | Community Participation Day |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | No. of schools which participated | No. of students who took the Shapath | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of students who participated in the painting competition (class 1-5) | No. of students who participated in the essay writing competition (class 6-8) | No. of students who participated in the essay writing competition (class 9-12) | Photos, videos, publicity material shared to swshw cell on (Yes/ No) | High quality scans of samples of good essays (10 sample essays per district) shared to swshw cell on (Yes/ No) | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated |
| Suggested dates | 30/08/2018 | 30/08/2018 | 30/08/2018 | 01/09/2018 | | 02-04/09/2018 | 5/9/2018 | 06/09/2018 | | | | | | 07/09/2018 | 08/09/2018 | 09-10/09/2018 |
| Ajmer | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Alwar | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Banswara | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Baran | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Barmer | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Bharatpur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Bhilwara | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Bikaner | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Bundi | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Chittaurgarh | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Churu | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Dausa | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Dholpur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Dungarpur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Ganganagar | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Hanumangarh | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jaipur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jaisalmer | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jalor | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jhalawar | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jhunjhunu | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jodhpur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Karauli | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Kota | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Nagaur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Pali | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Prartapgarh | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Rajsamand | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Swai Madhopur | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Sikar | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Sirohi | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Tonk | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Udaipur | | | | | | | | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com

| High quality scans of the essays selected (3 essays per district) at district level competition shared to swshe cell on (Yes/ No) | School Exhibition Day | Swachh Water Day | Water Harvesting Day | Letter Writing Day | Prize Distribution Day | Swachhta Participation Day - district Level Competition | | | | | | Other Activities | | Other Activities | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of entries nominated for district level painting competition (class 1-5) | High quality photos/ scans of the 3 paintings selected at district level competition shared to swshw cell on (Yes/ No) | No. of entries nominated for district level essay writing competition (class 6-8) | High quality scans of the 3 essays selected at district level competition shared to swshw cell on (Yes/ No) | No. of entries nominated for district level essay writing competition (class 9-12) | High quality scans of the 3 essays selected at district level competition shared to swshw cell on (Yes/ No) | Name of the Activity | No. of schools which participated | Name of the Activity | No. of schools which participated |
| | 11/9/2018 | 12/09/2018 | 13/09/2018 | 14/09/2018 | 15/09/2018 | 15/09/2018 | | | | | | | | | |

www.rajteachers.com